दिनांक–18.05.2024 समय–7.10एएम

<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>आकाशवाणी, भोपाल</u>
<u>प्रातःकालीन समाचार</u>

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में दर्ज हुआ कुल 69 दशमलव एक छह प्रतिशत मतदान।
- प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर अब 31 मई तक ख़रीदा जायेगा गेंहू।
- पीआईबी में नए कानूनों पर कार्यशाला, विशेषज्ञों ने कहा- अधिक सुलभ, जवाबदेह और भरोसेमंद न्याय प्रणाली बनाने का प्रयास हैं ये कानून।
- आईपीएल क्रिकेट में मुंबई और लखनऊ प्ले ऑफ़ की दौड़ से बाहर, आज बंगलुरु का मुकाबला चेन्नई से।

**मतदान डेटा**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में कुल 69 दशमलव एक छह प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। निर्वाचन आयोग ने मतदान के अंतिम आंकड़े जारी कर दिए हैं । आयोग ने कहा कि 69 दशमलव पांच आठ प्रतिशत पुरुष और 68 दशमलव सात छह प्रतिशत महिलाएं तथा 34 दशमलव दो तीन प्रतिशत थर्ड जेंडर मतदाताओं ने वोट डाले। इस चरण में मध्यप्रदेश की आठ सीटों सहित नौ राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 96 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ। इस चरण में कुल एक हजार 717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे।

**गेहूं उपार्जन**

राज्य शासन ने रबी विपणन वर्ष 2024-25 में किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि एक बार पुन: बढ़ा दी है। प्रदेश में किसानों से अब 31 मई तक समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन किया जाएगा। इस बारे में राज्य शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा आदेश भी जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि प्रारंभ में किसानों से गेहूं उपार्जन हेतु भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर एवं उज्जैन संभाग में 7 मई और प्रदेश

के शेष संभागों में उपार्जन की अवधि 15 मई तक निर्धारित की गई थी। बाद में इस अवधि को 20 मई तक बढ़ा दिया गया था। किसानों की सुविधा को देखते हुये राज्य शासन द्वारा अब एक बार पुन: समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की अवधि 31 मई तक बढ़ाई गई है।

**इंदौर विद्यार्थी सम्मान**

इंदौर संभाग के जिलों में प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। संभाग में कक्षा 10वीं से 12वीं तक के अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था जिले वार की जायेगी। साथ ही इन विद्यार्थियों की काउंसलिंग भी की जायेगी। संभाग में शैक्षणिक सत्र की शुरूआत से ही पढ़ाई में कमजोर बच्चों की पहचान कर उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। संभाग के जिलों में संचालित एकलव्य विद्यालयों को सीएम राईज स्कूलों की तर्ज पर विकसित किया जायेगा। यह जानकारी संभागायुक्त दीपक सिंह द्वारा स्कूली शिक्षा तथा आदिम जाति कल्याण विभाग की ली गई संयुक्त समीक्षा बैठक में दी गई।

**मेट्रो परीक्षण**

भोपाल में मेट्रो का ट्रायल रन किया जा रहा है। कल 80 किमी प्रतिघंटा की रफ़्तार से मेट्रो का परीक्षण किया गया। इससे पहले गुरुवार को 60 किमी प्रतिघंटा की रफ़्तार से परीक्षण हुआ था। मेट्रो का ट्रायल सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बीच किया गया। मेट्रो के ट्रायल रन लगातार हो रहे हैं लेकिन अभी तक हुए ट्रायल रन 25 से 30 किलोमीटर की स्पीड पर ही हुए हैं, लेकिन गुरुवार को 60 Km और शुक्रवार को 80 Km की स्पीड से ट्रायन रन हुआ।

**नए कानून कार्यशाला**

पुलिस उपायुक्त, भोपाल जोन-1 सुश्री प्रियंका शुक्ला ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 आपराधिक न्याय प्रणाली को अधिक सुलभ, जवाबदेह, भरोसेमंद और न्याय प्रेरित बनाने के प्रयास हैं। ये कानून 1 जुलाई से प्रभावी होंगे। वे पीआईबी, भोपाल द्वारा इन नए कानूनों पर आयोजित कार्यशाला 'वार्तालाप' को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में पीड़ितों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए कई तरीकों से व्यवस्था की गई है। 30 से अधिक ऐसे प्रावधान हैं जो पीड़ितों के अधिकारों को प्रभावी ढंग से प्राथमिकता देते हुए उनकी रक्षा करते हैं। सुश्री शुक्ला ने कहा कि पहले चार्जशीट की प्रति सिर्फ आरोपी को दी जाती थी, अब पीड़ित को भी चार्जशीट की कॉपी मिलेगी। उन्होंने कहा कि जांच में वैज्ञानिक तरीकों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है। पीआईबी, भोपाल के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

**मौसम**

आंधी-बारिश का सिस्टम कमजोर होते ही प्रदेश में गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। कल ग्वालियर में पारा रिकॉर्ड 44 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। गुना में भी तापमान 44 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस रहा। रतलाम, शिवपुरी और नौगांव में तापमान 43 डिग्री या इससे अधिक रहा। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में पारा 40 दशमलव 2 डिग्री, इंदौर में 39 दशमलव 9 डिग्री और जबलपुर में 35 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के मुताबिक आज ग्वालियर, मुरैना, भिंड और दतिया में हीट वेव चल सकती है। वहीँ, अन्य शहरों में भी तापमान बढ़ने की सम्भावना है।

**सलकनपुर आग**

सलकनपुर स्थित प्रसिद्ध देवीधाम बिजासन माता मंदिर के सीढ़ी मार्ग पर लगी प्रसाद की दुकानों में कल रात आग लग गई। स्थानीय लोगों और

व्यापारियों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल मौके पर पहुंची बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक छह दुकानें पूरी तरह जल गईं। रेहटी थाना प्रभारी राजेश कहारे ने बताया कि सलकनपुर में सीढ़ी मार्ग की करीब छह दुकानों में आग लग गई थी। जिस पर आधे घंटे में काबू पा लिया है। अभी नुकसान कितना हुआ इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

**आईपीएल क्रिकेट**

आईपीएल क्रिकेट में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने कल मुंबई इंडियंस को 18 रन से हरा दिया ।इस जीत के बावजूद लखनऊ की टीम प्ले ऑफ की दौड से बाहर हो गई है। लखनऊ ने मुम्बई के सामने जीत के लिए 215 रनों का लक्ष्य रखा जवाब में मुम्बई की टीम निर्धारित 20 ओवर में 196 रन ही बना सकी। मुम्बई की टीम पहले ही इस दौड से बाहर है। आज शाम 7.30 बजे बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर जिले में लोकसभा निर्वाचन के मतदान में श्रेष्ठतम कार्य करने वाले जिले के 82 बूथ लेवल अधिकारियों एवं 11 वॉलेन्टियर को जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने सम्मानित किया।
- हज यात्रा के लिए इस साल भोपाल से 21 और 22 मई को दो अलग-अलग उड़ानें रवाना होंगी। भोपाल संभागायुक्त डॉ. पवन शर्मा ने कल हज यात्रा की व्यवस्थाओं में लगे विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की।
- रुक जाना नहीं, आ लौट चलें ओपन और परम्परागत परीक्षा 20 मई से प्रारंभ हो रही है। परीक्षार्थी मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइट से प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।
- धार जिले में समस्त सेवानिवृत अधिकारियों, कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण किये जाने के लिए पेंशन प्रकरण शिविर 20 मई से आयोजित किए जाएंगे।
- खण्डवा में राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के तहत 20 मई को स्वास्थ्य केन्द्रों पर वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा

जिसमें 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया जायेगा।

- डिंडोरी कलेक्टर ने कल बस संचालकों की बैठक ली। उन्होंने जिले में संचालित प्रत्येक रूट पर चलने वाली बसों की जानकारी ली।
- गुना में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पी. नरहरि एवं जल निगम के एमडी के.व्ही.एस. चौधरी ने कल पीएचई विभाग के कार्यो का निरीक्षण किया।
- रायसेन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रभारी अध्यक्ष एवं विशेष न्यायाधीश श्रीमती ऊषा गेडाम ने जिला जेल पठारी का औचक निरीक्षण किया।
- भोपाल में विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर कल जांच, परामर्श एवं जागरूकता शिविरों में 9 हजार 212 लोगों की रक्तचाप की जांच हुई।
- खंडवा में निमाड़ के निर्गुणी संत सिंगाजी महाराज का 505वां जन्मोत्सव समाधि स्थल पर कल भक्ति भाव से मनाया गया। आस्था के साथ ही यह पर्यटन स्थल के रूप में भी आकर्षण का केंद्र है।

**और**

- सागर जिले के मालथौन थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी, दुर्घटना में कार सवार पति पत्नी और एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल है ।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिरः–

- ➢ लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में दर्ज हुआ कुल 69 दशमलव एक छह प्रतिशत मतदान।
- ➢ प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर अब 31 मई तक ख़रीदा जायेगा गेंहू।
- ➢ पीआईबी में नए कानूनों पर कार्यशाला, विशेषज्ञों ने कहा- अधिक सुलभ, जवाबदेह और भरोसेमंद न्याय प्रणाली बनाने का प्रयास हैं ये कानून।

**और**

- ➢ आईपीएल क्रिकेट में मुंबई और लखनऊ प्ले ऑफ़ की दौड़ से बाहर, आज बंगलुरु का मुकाबला चेन्नई से।

..............................................................